तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2 व्यापार विहार आक्सीजोन बना डंपिंग जोन



## खबर संक्षेप



### सुभाष चौक में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**कोरबा।** सुभाष चौक निहारिका में शुक्रवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी की प्रतिमा पर उपस्थित लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान नेताजी के विचारों और देशप्रेम को स्मरण करते हुए जयंती की खुशी में मिठाई का वितरण भी किया गया। आयोजन में शहर लोग उपस्थित रहे और सभी ने नेताजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कोरबा बंग समाज के महासचिव अधिवक्ता श्यामल मल्लिक, अनिमेष गांगुली, संजय दुबे, एस.के. मुखोपाध्याय, अशोक गोस्वामी, तनमय गांगुली, कमल सर्वविद्या, अमित बैनर्जी, राजा मुखर्जी, रजत कर, अमलान दत्ता, सुवेंदु शीट सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का शुभारंभ आज

**कोरबा।** पीडब्ल्यूडी स्कूल शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के द्वारा स्कूल के अधोसंरचना विकास के कार्य कराए जाएंगे। जिनका शुभारंभ 24 जनवरी की शाम 4 बजे प्रदेश के उद्योग श्रम एवं आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा मुख्य अतिथि की आसंदी से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत करेंगी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में फूल सिंह राठिया, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, वार्ड 36 के पार्षद अजय गोंड़, वार्ड 37 की पार्षद ममता यादव उपस्थित रहेंगे।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित टीईटी परीक्षा 1 फरवरी को दो पाली में आयोजित होगी। प्रथम पाली 9.30 बजे से 12.15 तक जिले के 7 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी जिसमें 2 हजार 214 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक जिले के 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें 4 हजार 369 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि 9.30 बजे से 12.15 तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार प्रथम पाली में 9 बजे और द्वितीय पाली में 2.30 बजे बंद कर दिया जायेगा।

### डीपीएस की स्थापना पर प्रसेवार्ता आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ ही नहीं मध्यप्रदेश का पहला डीपीएस स्कूल की स्थापना हुई जिसके प्राचार्य डॉ बी सिंह कोरबा डीपीएस में आयोजित रीयूनियन मीट में शामिल होने कोरबा पहुंचे थे। इस दौरान डीपीएस के छात्र जो देश व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग मुकाम बना चुके हैं ऐसे छात्र व छात्राएं भी शामिल हुए। कोरबा प्रवास के दौरान 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से अपने अनुभव व संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। साथ ही डीपीएस कोरबा में विगत 23 वर्षों से प्राचार्य की जिम्मेवारी सम्हाल रहे है डॉ सतीश शर्मा भी विशेष तौर पर शामिल रहेंगे।

# नई पीडीएस दुकान शुरु होने से 20 हजार लोगों को अब उनके गांव में मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के ऐसे पारे टोले जिन्हें राशन लेने के लिए अपने गांव से लंबी दूरी का सफर तय करना पड़ता था ऐसे पारे टोले में अब महिला समूहों को दुकान देने की प्रक्रिया के अंतर्गत बीते जुलाई महीने में दुकानों का आबंटन का कार्य शुरु किया गया था। दावा आपत्ति के बाद 25 दुकानें ऐसी जगह खोली गई 20 हजार की आबादी लाभान्वित हो रही है।

लगातार पीडीएस वितरण के खिलाफ सामने आ रही शिकायतों को लेकर राज्य शासन की ओर से जिले भर में नए सिरे से दुकानों के आबंटन को लेकर बीते वर्ष निर्देश जारी किए गए थे। इस निर्देश में गांव की महिला समूहों को दुकान देने का प्रावधान तय किया गया था। इस नियम के तहत फर्म सोसायटी से पंजीकृत समूहों को ही आबंटन करना था। खाद्य विभाग ने इसके लिए जो निर्देश जारी किए गए थे उस निर्देश के अंतर्गत जिन दुकानों का संचालन आदिवासी सेवा सहकारी समिति के अलावा ग्राम पंचायत कर रही थी उनके संचालन का जिम्मा महिला समूहों को देना था। शेष पेज 3 पर

## ग्राम पंचायत के अलावा महिला समूहों को आबंटित की गई है दुकान



### प्रशासन तक पहुंची थी शिकायत

सोमवार को जनदर्शन में नकिया पंचायत के पहाड़ी कोरवा परिवार चावल नहीं मिलने की शिकायत लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे थे। उन पंचायत के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी कोरवा बस्ती पंचायत मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर है। जब खाद्यान्न का भंडारण दुकान में होता है तो संचालक के द्वारा पहाड़ी कोरवा बस्ती को सूचना देकर बुलाया जाता है। जिला प्रशासन के द्वारा आदेश जारी कर पहाड़ी कोरवा बस्ती में ही खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए हैं।

### ये हैं वो स्थान जहां शुरु हुई दुकानें

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत जिन नई दुकानों के खोलने की प्रक्रिया शुरु हुई है उनमें नकिया पंचायत के ग्राम खम्मोन, डोकरमना, बड़मार, कुदरीचिंगर, सरईडेरा, माखुरपानी, कोड़ियाघाट, तिलईडांड, कछार आदि गांव के पारे टोले शामिल हैं। इन गांव की दूरी जिला मुख्यालय से ही 50 किलोमीटर से अधिक होती है। बारिश के दिनों में खाद्यान्न का भंडारण इन क्षेत्रों में बारिश के पूर्व करना पड़ता है। इन गांव के अंतर्गत जो पारे टोले हैं वहां महिला समूह के द्वारा गांव में जाकर खाद्यान्न के वितरण का कार्य करेगी।

## भूमि समतलीकरण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण जैसे कार्यों के आए थे प्रस्ताव

# जी राम जी के पहले मनरेगा के शुरु नहीं हो सके कार्यों का तैयार हो रहा डाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अप्रैल महीने में केंद्र सरकार व राज्य सरकार की संयुक्त रुप से शुरु होने वाली जी राम जी योजना के पहले मनरेगा के उन कार्यों का डाटा तैयार किया जा रहा है जो अब तक शुरु नहीं हो सके हैं। प्रारंभिक जानकारी में ऐसे 75 काम सामने आए हैं जो तालाब गहरीकरण, भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण से संबंधित हैं। ये कार्य जी राम जी योजना में नहीं शामिल किए जाएंगे इन्हें निरस्त किया जाएगा।

मनरेगा में पंजीकृत जॉब कार्डधारियों को 100 दिन का रोजगार मिलता था। वहीं जी राम जी योजना अंतर्गत पंजीकृत परिवार के एक सदस्य को 125 दिन का काम दिया जाएगा। अप्रैल महीने में नए वित्तीय वर्ष के शुरु होने के साथ जी राम जी योजना लागू हो जाएगी। उससे पूर्व मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्राम पंचायतों से भेजे गए प्रस्तावित कार्यों का डाटा तैयार हो रहा है। जो जनवरी माह तक शुरु नहीं हो सके हैं। ऐसे कार्यों की सूची जनपद पंचायतों के मनरेगा प्रकोष्ठ से मांगी जा रही है। मनरेगा योजना बाइंडअप की स्थिति में पहुंच चुकी है। 30 मार्च तक ऐसे सभी कार्यों की रिपोर्ट राज्य शासन को भेजा जाना है जो जनवरी महीने में पूर्ण हो गए थे और जो कार्य शुरु नहीं हो सके हैं ऐसे कार्यों में तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, भूमि समतलीकरण के कार्य शामिल हैं। ऐसे ही कार्यों का मनरेगा प्रकोष्ठ के द्वारा डाटा लिया जा रहा है। जिन्हें ग्राम पंचायतों के द्वारा शुरु नहीं कराया गया है। इन कार्यों में सर्वाधिक लोगों को रोजगार मिलता और मजदूरी में एक बड़ी राशि खर्च होती। प्रारंभिक जानकारी जो सामने आयी है उसके तहत 75 काम ऐसे हैं जो शुरु नहीं हो सके हैं। जिनमें लगभग 60 से 70 लाख की राशि खर्च होती। शुरु नहीं होने वाले कार्यों की और भी जानकारी ली जा रही है।



### पीएम आवास में ज्यादा दिया गया बजट

पीएम आवास निर्माण में हो रही देरी के मद्देनजर राज्य शासन ने पीएम आवास में मनरेगा के बजट को खर्च करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के तहत पीएम आवास निर्माण के दौरान 90 दिन की मजदूरी मनरेगा से दिया जाना है और जिस बड़ी संख्या में लगभग 26 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं और इन आवासों के निर्माण में कार्य करने वाले मजदूरों को 90 दिन की मजदूरी मनरेगा से दी गई है। यही कारण था कि अन्य कार्यों को शुरु करने में रुचि नहीं ली गई और अब ऐसे कार्य अप्रारंभ की श्रेणी में आ गए हैं।

### हितग्राहियों को ही मिला रोजगार

पीएम आवास निर्माण के दौरान जिन जॉब कार्डधारियों ने काम किया उन लोगों में पीएम आवास के हितग्राही भी शमिल थे। ऐसे हितग्राही स्वयं के मकान निर्माण में मजदूरी का भी काम किए जिससे अन्य ग्रामीणों को उस तरह का रोजगार नहीं मिला जो मनरेगा के तहत पहुंच मार्ग निर्माण से लेकर तालाब निर्माण एवं गहरीकरण जैसे कार्यों में मिलता था।

# पति ने पत्नी पर पेट्रोल छिड़क कर जलाने का प्रयास, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लंबे समय से वाद-विवाह चल रहा था। विवाद फिर से होने लगा और विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने अपनी पत्नी के शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया। जिसमें महिला का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया है। जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस की टीम ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत रवि बरेठ और उसकी पत्नी अंजली बरेठ के बीच कुछ महीनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी और बताया जाता है कि इसी बात को लेकर फिर से गुरुवार की रात दोनों पति-पत्नी के बीच वाद विवाद हुआ और देखते-देखते वाद विवाद मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद आवेश में आकर रवि बरेठ ने अपनी पत्नी अंजली के ऊपर पेट्रोल छिड़कर उसे आग के हवाले करने का प्रयास किया। इस दौरान अंजली का चेहरा भी झुलस गया है बताया जाता कि अंजली को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। मामला सामने आने के बाद सीएसईबी चौकी पुलिस ने रवि बरेठ के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार भी कर लिया है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र की घटना

# सर्किल का कुल बकाया 426 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में 11 वसूली टीम गठित



लाईन डिस्कनेक्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग का बकाया लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सर्किल का कुल बकाया 426 करोड़ जा पहुंचा है लेकिन वहीं दूसरी ओर अधिक से अधिक बकाया की राशि वसूली की जा सके इसके लिए अब विद्युत वितरण विभाग एक्शन में नजर आ रही है। खास तौर पर ग्रामीण अंचलों में किसान अपनी धान बेच चुके हैं अब उनके पास अच्छी खासी पूंजी भी आ चुकी है। इसी मौके का अब विभाग भी फायदा उठाने वाला है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक वसूली हो सके इसके लिए कोरबा ग्रामीण में ही विद्युत विभाग ने 11 अलग-अलग टीम गठित की है। जिनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ही टारगेट तय कर अधिक से अधिक बकायादारों से बकाया राशि वसूलने का काम शुरू कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से जिले में 2 लाख से अधिक विद्युत विभाग के उपभोक्ता समय पर बिजली बिल की राशि जमा नहीं करते हैं जिसकी वजह से लगातार बिजली बिल का बकाया बढ़ता ही चला जा रहा है। मौजूदा स्थिति में विद्युत वितरण विभाग में सर्किल का कुल बकाया 426 करोड़ जा पहुंचा है प्रत्येक जोन में अलग-अलग टीम बनाकर वसूली के लिए विभाग प्रयास में जुटा हुआ है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज 3 महीना ही शेष है। ऐसे में अब विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक राजस्व की वसूली की जा सके। बताया जाता है कि इन दिनों विद्युत वितरण विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में अपने बकायदारों को टारगेट करने का प्रयास कर रहा है ग्रामीण अंचलों में बसने वाले किसान अपने धान की फसल को मंडी में बेच चुके हैं और बैंकों से पैसा भी आहरण कर चुके हैं। अब किसानों के पास पैसा आ चुका है अब यही मौका है कि विद्युत विभाग अपने ग्रामीण क्षेत्र के बकायादारों से अधिक से अधिक वसूली करने में कामयाब हो सके इसके लिए विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में बकाया वसूली के लिए 11 टीम बनाई गई है। यह टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 5 हजार से अधिक बकायादारों का नाम लेकर प्रतिदिन के घर पहुंच रही है और बकायदारों के घर राशि वसूली का काम कर रही है और जो बकायादार राशि जमा नहीं कर रहे हैं उनका लाइन डिश कनेक्शन का काम भी कर रही है। बताया जाता है कि कोरबा ग्रामीण का बकाया 123 करोड रुपए तो वहीं कोरबा शहर में 148 करोड़ रुपए है। इस राशि को वसूलने के लिए कोरबा व ग्रामीण क्षेत्र में विभाग की टीम को टारगेट दिया गया है कि जल्द से जल्द बकाया राशि की वसूली की जा सके।

**खास बात**

- शहर के तीनों जोन में अलग अलग कुल 15 टीम जुटी है डिस्कनेक्शन में

### एक माह के भीतर साढ़े तीन करोड़ की वसूली

विद्युत वितरण विभाग कोरबा शहर के डीई रोशन लाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी महीने से बकाया राशि वसूली को लेकर शहरी क्षेत्र में तीन जोन में कुल 15 टीम बकायादारों की सूची लेकर लाइन डिस्कनेक्शन का काम कर रही है। जिसका नतीजा है कि इस महीने में अभी तक शहर के तीनों जोन से 3.50 करोड़ की बकाया राशि वसूली की जा चुकी है। जिसमें मेडिकल अस्पताल प्रबंधन ने भी अपनी बकाया की 92 लाख की राशि विभाग के खाते में जमा किया है। जिससे निश्चिततौर पर विद्युत वितरण विभाग का कुछ हद तक बोझ हल्का हुआ है लेकिन अभी विभाग को एक लंबी दूरी तय करनी है। कोरबा शहर में ही बकाया 148 करोड रुपए है इस राशि को वसूलने के लिए विभाग जुटा हुआ है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र 3 महीना ही शेष है ऐसे में विभाग का भरपूर प्रयास है कि अधिक से अधिक बकायदारों के घर पहुंच कर उनसे बकाया की राशि वसूली की जा सके।

### 11 टीम कर रही है काम

ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपनी फसल मंडियों में बेच चुके हैं, किसानों के पास पैसा भी आ चुका है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में बकायादार है उन सभी बकायादारों की फैरिस्त तैयार वसूली के लिए कोरबा ग्रामीण में ही कुल 11 टीम गठित की गई है जिनके द्वारा बकाया राशि वसूलने का काम किया जा रहा है।

**- शत्रुघ्न प्रसाद सोनी,** डीई विद्युत वितरण विभाग कोरबा ग्रामीण



## खबर संक्षेप

### घर के सामने से बाइक पार

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने निशाना बनाया और शिक्षक की बाइक लेकर फरार हो गए हैं। शिक्षक ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार नूतन कालोनी जी 14 में रहने वाले गौरीशंकर श्रीवास लाल बहादूर शास्त्री स्कूल में सहायक शिक्षक है। 20 जनवरी की शाम 6 बजे घर पहुंचे और अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाई8051 को घर के सामने खड़ी कर अंदर चले गए। करीब 10 मिनट के बाद बाहर जाने के लिए निकले, इस दौरान उसनी बाइक मौके पर नहीं थी। उन्होंन बाइक का ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिल सकी है। शुक्रवार को शिक्षक ने सरकंडा थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाई है।

### बाइक के सामने आया सांड, दो घायल

**बिलासपुर।** मुंगेली से बिलासपुर आ रहे दो युवक दुर्घटना के शिकार





हो गए। इस दौरान बुजुर्ग को सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं युवक का इलाज भी सिम्स में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कोंदियापार मुंगेली निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र ध्रुव और 40 वर्षीय संदीप भोजवानी बिलासपुर आ रहे थे। इस दौरान वे दोनों काठाकोनी से पंडारी पहुंचें ही थे कि उनके बाइक के सामने अचानक सांड आ गया। सांड से भिड़ंत के बाद दोनों सड़क पर गिर गए। जिससे राजेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट लगी है। पुलिसकर्मी ने उन्हें घायल अवस्था में देख सिम्स अस्पताल पहुंचाया है।

### फरार पशु तस्कर रायपुर से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 10 सितंबर 2025 को गाड़ी ठूंसकर उत्तर प्रदेश बूचड़खाना ले जाते हुए 17 नग मवेशी पकड़ा गया था। पुलिस फरार मवेशी तस्करों के तलाश में लगी हुई थी। सूचना पर पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर व्ही. व्ही विहार मोआ निवासी इरफान कुरैशी पिता सुभान कुरैशी 31 साल को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

---

**सेलून संचालक बेचता है बोतल में पेट्रोल** | कभी भी रेलवे क्षेत्र में हो सकती है बड़ी दुर्घटना, रेल प्रशासन का भी ध्यान नहीं जा रहा

# खुलेआम बोतलों में बेचा जाता है पेट्रोल, मंडराता रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप ओपन करने की अनुमति अफसर देते नहीं, जिसका फायदा उठाकर बुधवारी और आसपास की दुकानों कें साथ सेलून का संचालक बोतल में भरकर पेट्रोल की बिक्री खुलेआम कर रहा है। छोटी-छोटी दुकानों में बोतलबंद पेट्रोल से कभी भी रेलवे क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसपर रेल प्रशासन का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

बिलासपुर रेल मंडल काफी बड़ी एरिया है। यहां तारबाहर चौक से लेकर और जगमल चौक दयालबंद से लेकर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट तक रेलवे की कालोनियों में रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के निवास के अलावा केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय, ग्राउंड एक अलग मार्केट की व्यवस्था के लिए बुधवारी बाजार जहां बरतन, कपड़े से लेकर सब्जियां और सारे जरूरी सामान रेल अफसर और कर्मचारियों को उपलब्ध हो जाते हैं। इसके साथ ही एसईसीआर के जोन मुख्यालय व बिलासपुर रेल मंडल का भवन भी इसी एरिया में आता है, जहां बड़े-बड़े अफसर और कर्मचारी काम करते हैं। रेलवे स्टेशन में शहर और आसपास से जाने वाले लोगों की संख्या भी हजारों में होती है, जो आरक्षण कार्यालय में बुकिंग कराने के अतिरिक्त कहीं बाहर जाने या बाहर जाने वाले यात्रियों को उनके परिजन छोड़ने के लिए जाते हैं। वर्तमान में ज्यादातर लोग आटो और सिटी बस के बजाय स्वयं के वाहन से स्टेशन तक जाना अधिक पसंद करते हैं।

वाहनों की पार्किंग के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन में अलग से व्यवस्था भी की गई है। वाहन चालकों के लिए सबसे अधिक समस्या पेट्रोल और डीजल की होती है। कभी-कभी अचानक पेट्रोल खत्म होने के कारण लोगों को काफी भटकना पड़ता है। लोगों की गाड़ियों में पेट्रोल खत्म होने का फायदा उन छोटे दुकानदारों को हो रहा है, जो अपने-अपने दुकानों में दूसरे जगह से पेट्रोल लाकर बोतल में भरकर रखकर प्रतिदिन हजारों रुपए की कमाई कर रहे हैं। रेलवे को एक पेट्रोल पंप खोलने से अपने क्षेत्र में खतरा लगता है, वहीं छोटे दुकानों में पेट्रोल बेचने वालों को देखने के बाद रेल प्रशासन बेखबर रहता है।




### सेलून में बिकता है पेट्रोल

रेलवे क्षेत्र में एक भी पेट्रोल पंप की सुविधा नहीं दी गई है। स्टेशन और आसपास रहने वाले लोगों को पेट्रोल की तलाश में गुरुनानक चौक के आगे राजकिशोर नगर की ओर या फिर तारबहार चौक के आगे पीजीबीटी कॉलेज के अलावा पुलिस पेट्रोल पंप तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। अचानक पेट्रोल खत्म होने के कारण लोग पेट्रोल की तलाश रेलवे क्षेत्र में करते हैं। यहां सोलापुरी मंदिर चौक के दाहिने ओर एक ठेले में, बुधवारी बाजार के अंदर गाड़ियों की रिपेयरिंग करने वालों के अलावा सेलून में पेट्रोल की बिक्री बोतल में भरकर 50 से 100 रुपए में लोगों को की जा रही है।

### किसी के लिए सुविधा नहीं

बिलासपुर रेलवे स्टेशन सहित पूरे रेल परिक्षेत्र में कहीं भी एक पेट्रोल पंप की सुविधा रेल प्रशासन ने न तो अपने अफसरों व कर्मचारियों को दी है और न ही दूसरे लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जबकि रेलवे परिक्षेत्र में जमीन की कहीं भी कमी नहीं है। इसके बावजूद एक पेट्रोल पंप नहीं होने के कारण सभी को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां एक डीजल पंप की सुविधा सोलापुरी मंदिर के सामने उपलब्ध है, लेकिन इस डीजल पंप में केवल ट्रेनों के डीजल इंजन में ही डीजल भरने का काम किया जाता है।

### पूर्व में किया गया मना

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में एक बार बिलासपुर कालोनी में पेट्रोल पंप ओपन करने के लिए प्रपोजल बनाया गया था। इस प्रपोजल को रेल अफसरों ने इसलिए मना कर दिया क्योंकि कालोनी व रेलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप ओपन होने के बाद बाहर की गाड़ी आने से शोर मचेगा। इससे रेलवे क्षेत्र में रहने वाले अफसरों और कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरा होगा, इसके कारण यह प्रपोजल भी ठंडे बस्ते में चला गया।

### भेजा गया था प्रस्ताव

बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप खोला जा सकता है। यह प्रपोजल बनाकर पहले भेजा गया था, लेकिन उसका कोई रिजल्ट नहीं मिल सका। यह पेट्रोल पंप किसी भी निजी को नहीं दिया जा सकता है। अगर कोई महिला समूह या रेलवे वेलफेयर इसमें रूचि दिखाते हैं तो इसपर विचार किया जा सकता है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

**तारामंडल के ठीक पीछे इस कचरे के अंबार के कारण व्यापारी परेशान**

# व्यापार विहार आक्सीजोन बना डंपिग जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार में ढाई एकड़ जमीन पर 2 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए आक्सीजोन को ही अब आक्सीजन की जरूरत पड़ रही है। रखरखाव के अभाव में यहां लगाए गए 600 पौधों में से ज्यादातर सूख गए हैं, जो बचे हैं वह भी खत्म होने की कगार पर हैं। इसके अलावा नगर निगम का सफाई अमला शहर से इकट्ठा किए कचरों को अब आक्सीजोन के चारों तरफ डंप कर रहा है। सफाई ठेका कंपनी रामकी ने यहां छोटा डंपिंग जोन बनाया है। वह पूरा ओवरफ्लो हो रहा और उसके अगल बगल की जमीन पर कचरे लगातार कचरा डाला जा रहा है। तारामंडल के ठीक पीछे इस कचरे के अंबार के कारण लोग परेशान हैं।

- ठेका कंपनी ने लगाया कचरे का पहाड़, तिफरा, सिरगिट्टी से लाकर फेंक रहे

गौरतलब है कि निगम ने व्यापार विहार तारामंडल के पीछे दो करोड़ रुपए की लागत में ऑक्सीजोन का निर्माण कराया था। इसका उद्देश्य था कि लोग यहां साफ हवा के साथ सुबह-शाम वॉकिंग कर अपनी सेहत सुधारे। अब लेकिन ऑक्सीजोन सेहत बना नहीं बल्कि बिगाड़ रहा है। ऑक्सीजोन के चारों तरफ नगर निगम ही शहर से निकलने वाले कचरे को इकट्ठा कर यहां लाकर फेंक रहा है। कचरा डंप होने के कारण पूरे इलाके में तेज दुर्गंध लोगों को परेशान कर रही है। आलम यह है कि यहा अब लोग वॉकिंग के लिए आना भी बंद कर चुके हैं। कुछ बच्चे खेलने पहुंचते हैं लेकिन थोड़ी देर में दुर्गंध से परेशान होकर चले जाते हैं।



व्यापार विहार तारामंडल के पीछे डंप किया गया कचरा।

### तिफरा, सिरगिट्टी, व्यापार विहार का कचरा

इस बारे में अधिकारियों से बात की गई तो निगम की ओर से दावा किया गया इनकी देखरेख में 30 लाख रुपया खर्च किया गया है। मौके की हालत देखकर लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं लगता कि यहां पौधों के लिए खाद भी डाली गई है। इतना ही नहीं डोर टू डोर कचरा जमा करने वाली रामकी कंपनी के लिए यह एरिया डंपिंग जोन बनता जा रहा है। तिफरा, सिरगिट्टी, व्यापार विहार और अन्य क्षेत्रों का लाखों टन कचरा यहां डंप है। कुछ दिन पहले यहां कचरा फेंकने के नाम पर स्थानीय व्यापारियों का ठेका कंपनी से विवाद भी हुआ था। व्यापारियों के मुताबिक मौके पर कुछ मात्रा में भले ही छोटी गाड़ियों से बड़ी गाड़ियों में कचरा भरा जाता होगा लेकिन 10 एकड़ से अधिक एरिया में कचरा डंप किया जा रहा है।

### ठेका कंपनी को दी गई थी चेतावनी

गौरतलब है कि शहर से कचरा उठाने का ठेका नगर निगम ने हैदराबाद की रामके कंपनी को दे रखा है। कंपनी को शहर से कचरा उठाकर 15 किलोमीटर दूर ग्राम कछार ले जाकर अपशिष्ट प्रबंधन करना है लेकिन इसमें ज्यादा खर्च होने की वजह से कंपनी कचरा यहीं व्यापार विहार में ही डंप कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक ठेका कंपनी को पहले भी व्यापार विहार में कचरा डंप नहीं करने की चेतावनी दी गई थी। 10 लाख रुपए की पेनाल्टी भी लगाई गई थी। मौके का फिर से निरीक्षण करने के बाद कचरा डंपिंग करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### कंपनी को देंगे नोटिस

व्यापार विहार में ठेका कंपनी के लिए निगम की ओर से डंपिंग जोन बनाया गया है। यहां से कचरे को उठाकर कछार ले जाया जाता है। वहां अपशिष्ट प्रबंधन किया जाता है। डंपिंग जोन से अलग कचरा फेंका जा रहा है तो सफाई कराते हुए ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया जाएगा।

- खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त

---

# फर्जी यूपीआई ट्रांजेक्शन से धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्लीनिक संचालक से फर्जी यूपीआई द्वारा रूपए लेकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। सकरी पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार परसुराम चौक राजकिशोर निवासी सुमन शुक्ला पति बलराम तिवारी उम्र 38 सकरी में अंबिका क्लीनिक का संचालन करती है। इस दौरान सुधीर बरामते अपने बच्चे का उपचार करता रहा है और सुमन से जान पहचान कर ली। वह 9 सितंबर को क्लीनिक पहुंचा और इलाज से संबंधित दवाईयां ली और 3500 रूपए की मांग की। उसने फर्जी एप के सहारे रूपए का ट्रांजेक्शन दिखाया। सुमन को धोखाधड़ी होने का अंदाजा लग चुका था ऐसे में वह बैंक जाकर पासबुक चैक कराई लेकिन सुधीर द्वारा ली गई रकम दिखाई दी लेकिन उसका भुगतान का रिकार्ड नहीं मिला। आरोपी इस समय तक 15000 हजार रुपये फर्जी एप के द्वारा फर्जी भुगतान कर ले चुका था। प्रार्थिया ने सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी दलदलिहापारा थाना सकरी निवासी सुधीर बरामते पिता स्व रामधर बरामते उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

# हास्टल संचालक ने युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

### युवक पर कुत्ता छोड़ने के बाद हुई बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल काम्प्लेक्स में नौकरी करने वाले युवक पर पहले तो हास्टल संचालक ने पालूत कुत्ता छोड़ दिया, वहीं बीच बचाव करने के दौरान हुई बहस के बाद संचालक ने युवक को बुरी तरह से पीट दिया। युवक के भाई ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।



- रिंग रोड के नोबल हास्पिटल के पास की घटना

मामले में पीड़ित के भाई अजय दिवाकर ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कैलाश दिवाकर तेलीपारा में मेडिकल काम्प्लेक्स में काम करता है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे वह अपने काम पर जा रहा था। इस दौरान वह रिंग रोड 2 के नोबल हास्पिटल के पास पहुंचा था कि मां दूर्गा हास्टल का पालूत कुत्ता उसे देखकर भोंकने लगा,कैलाश डरकर वहीं खड़ा होगा। इस बीच कुत्ता आक्रमक होकर उसपर झपटने लगा। कैलाश उसे अपने पास से हटाने की कोशिश कर ही रहा था कि इस बीच हास्टल का संचालक पहुंचा और दिवाकर को गाली देने लगा, दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ी की संचालक ने उसे जमकर पीट दिया। दिवाकर ने फोन पर अजय को सारी बात बता, इस दौरान अजय भी मौके पर पहुंच गया लेकिन हास्टल संचालक ने उसके साथ भी हुज्जतबाजी की है। पीड़ित के भाई ने सिविल लाइन थाना पहुंच घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले में हास्टल संचालक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

---

# दो महीने में तैयार होगा रजिस्ट्री विभाग का मॉडल आफिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय नगर में रजिस्ट्री विभाग का मॉडल ऑफिस आकार ले रहा है। मॉडल आफिस में पक्षकारों के लिए पीने के पानी के अलावा एसी वेटिंग हॉल एवं स्वच्छ वॉशरूम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह ऑफिस पूरी तरह हाईटेक होगा, जहां उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। विभाग के अनुसार डेढ़ से दो महीने के भीतर इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

- भारतीय नगर में युद्धस्तर पर निर्माण जारी

शहरवासियों को बहुत जल्द शहर के भीतर ही एक और भव्य रजिस्ट्री कार्यालय मिल सकेगा। यह कार्यालय कोई सामान्य कार्यालय नहीं होगा, बल्कि पासपोर्ट ऑफिस जैसा भव्यता लिए हुए होगा। करीब ढाई हजार वर्गफीट के ऑफिस में वीआईपी लाऊंज, पब्लिक वेटिंग एरिया, महिला व पुरूषों के लिए अलग-अलग वॉशरूम, दस्तावेजों को सुरक्षित रखने हेतु कांपेक्टर रूम, स्वच्छ व ठंडे पानी की व्यवस्था व सर्वर रूम तैयार किया जा रहा है। रजिस्ट्री के इस मॉडल ऑफिस को बीएलएस इंटरनेशनल लिमिटेड नामक कंपनी के द्वारा तैयार किया जा रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि डेढ़ से दो महीने के भीतर ऑफिस बनकर तैयार हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शहर के भीतर कंपोजिट बिल्डिंग में स्थापित रजिस्ट्री ऑफिस में न केवल पक्षकारों का लगातार लोड बढ़ता जा रहा है, बल्कि यहां पक्षकारों के लिए अपेक्षित सुविधाएं भी नहीं हैं। टोकन जारी होने के बाद भी पक्षकारों को रजिस्ट्री कराने में लगभग पूरा दिन निकल जाता है। हालांकि यहां पक्षकारों के बैठने की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन पर्याप्त नहीं है। ऐसे में शहर को कई हिस्सों में बांटते हुए कई रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि पक्षकार अपने-अपने संबंधित क्षेत्र के रजिस्ट्री कार्यालयों में ही भूमि का पंजीकरण कराएं व किसी एक ऑफिस पर लोड न आए।





### सब रजिस्ट्रार के अलावा पूरा स्टॉफ बाहरी

सूत्रों के अनुसार मॉडल ऑफिस में शासन की ओर से एक सब रजिस्ट्रार पदस्थ रहेंगे। इसके अलावा कार्यालय सहायक, कंप्यूटर से संबंधित कर्मचारी एवं अधीनस्थ अन्य सारे कर्मचारी बाहरी होंगे। चूंकि मॉडल आफिस के रूप में पूरा एक नया सेटअप ही बैठाया जा रहा है, जहां शत प्रतिशत शासकीय कर्मचारियों की पदस्थापना संभव नहीं है। ऐसे में मिला-जुलाकर मॉडल आफिस का संचालन किया जाएगा।

### मिलेंगी सभी सुविधाएं

भारतीय नगर में रजिस्ट्री विभाग की एक अन्य शाखा स्थापित होनी है। यह मॉडल ऑफिस के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह कार्यालय सर्व सुविधायुक्त होगा, जहां पक्षकारों को सारी सुविधाएं मिल सकेंगी। डेढ़ से दो महीने के भीतर मॉडल आफिस तैयार हो जाने की पूरी उम्मीद है।

-आरके स्वर्णकार
जिला पंजीयक

---

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेत से काम कर घर लौट रही महिला को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। दुर्घटना इतनी भंयकर थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने सिम्स में शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं पुलिस जांच में जुट गई है।



मृतिका।

पुलिस के अनुसार घुटकू बंधवापारा निवासी संतोष पटेल की पत्नी मीना बाई पटेल 52 वर्ष खेती का काम करती है। शुक्रवार की सुबह 5 बजे वह खेत से घर लौट रही थी, इस दौरान खुसरीबंद के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में मीना बाई बुरी तरह से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सिम्स लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बताा जा रहा है कि बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएन 2017 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर महिला को ठोकर मारी है। आसपास के लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया था।




दुर्घटनाकारित वाहन।

---

# 46 केन्द्रों में शिक्षक पात्रता परीक्षा 13 हजार 876 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जांजगीर चांपा जिले में 46 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। वहीं इस एग्जाम में 13 हजार 876 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। ज्ञात हो कि रविवार 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ व्यापम परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 की परीक्षा दो पालीयों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में जिले के 17 परीक्षा केन्द्रों में 5313 अभ्यार्थी एवं द्वितीय पाली में 29 परीक्षा केन्द्रों में 8563 अभ्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रथम पाली में 9.30 बजे से 12.15 तक एवं द्वितीय पाली 3 बजे से 5.45 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके।

---

# 2 लाख उत्तरपुस्तिकाओं से बोर्ड की परीक्षा देंगे परीक्षार्थी

**बिलासपुर।** जिले के 37 हजार से अधिक बोर्ड परीक्षार्थी 2 लाख उत्तरपुस्तिकाओं से मुख्य परीक्षा देंगे। जिले के समन्वयक केन्द्र महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में हाईस्कूल व हायर सेकेंड्री मुख्य परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच गई है। इसे सुरक्षित रखवा लिया गया है।

उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण 28 एवं 29 जनवरी को स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। इसके लिए विकासखंडवार अलग अलग तिथि तय की गई है। अधिकारियों के मुताबिक विकासखंड बिल्हा के लिए 28 जनवरी को सुबह 1030 बजे से दोपहर 1 बजे तक, विकासखंड मस्तूरी के लिए 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक, विकासखंड तखतपुर के लिए 29 जनवरी को 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और विकासखंड कोटा के लिए 29 जनवरी को दोपहर 1 बजे शाम 4 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

- 37 हजार से अधिक परीक्षार्थी

उत्तरपुस्तिकाओं के लिए सभी केंद्राध्यक्ष प्राचार्यों को यहां बुलाया गया है। उत्तरपुस्तिकाओं की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है।

### 10वीं के 131 व 12 वीं 122 सेंटर बनाए गए

जिले में जिले में दसवीं-बारहवीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा परीक्षा 20 और 21 फरवरी से शुरू होंगी। इसमें 37 हजार 194 छात्र शामिल होंगे। 10वीं के 131 व 12वीं 122 केंद्रों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में 20 और 22 फरवरी से दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। माशिमं ने सभी स्कूलों को इसकी तैयारी करने के लिए कहा है। जिले में वर्तमान में 431 हाईस्कूल है। इनके 22272 छात्र इस साल 10वीं की परीक्षा देंगे। वहीं 285 हायर सेकेंड्री स्कूल से 14922 स्टूडेंट एग्जाम में शामिल होंगे। पिछले साल दसवीं-बारहवीं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू हुआ था। इस साल 8 दिन पहले से ही रहा है। इसका असर छात्रों की तैयारी पर पड़ सकता है।

---

# जब्त माल के रख रखाव एवं सही संधारण करने दी हिदायत

**बिर्रा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शुक्रवार 23 जनवरी को बिर्रा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम परेड की सलामी ली। निरीक्षण दौरान थाना में संधारित समस्त दस्तावेज, अभिलेख, रजिस्टर का अवलोकन तथा आर्म्स एन्युनेशन, जप्ती माल के रख रखाव को चेक किया और सही-सही संघारंण करने हिदायत दी।

एसपी श्री पांडेय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाशों एवं गुंडा बदमाशों की हिस्ट्रीशीट का गहन परीक्षण किया गया। साथ ही ग्राम अपराध पुस्तिका का भी अवलोकन किया गया एवं उसमें दर्ज प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए अपराधियों पर सतत एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



इसके अतिरिक्त क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। साथ ही फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की दिशा में प्रतिवद्धता, के साथ बेहतर पुलिसिंग करने एवं पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष कार्रवाई करने निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप



### कल्चुरी पब्लिक स्कूल में मना बसंत पंचमी

कल्चुरी पब्लिक स्कूल हरदीबाजार में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बूद्धी, ज्ञान व संगीत की देवी मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना कर विधि विधान से आचार्य पंडित भागवत पांडेय के द्वारा हवन पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेकर भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के संचालक धर्मेंद्र डहरवाल,प्राचार्य श्रीमती डिलेश्वरी डहरवाल, प्रेम डिक्सेना, दिनेश डिक्सेना, ब्रह्मानन्द राठौर, रामखिलावन साहू, राजेन्द्र साहू, देवेद्र डहरवाल, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय सहित शिक्षक भारती राठौर, हरसना यादव, प्रीति शर्मा, सलोनी यादव, वसुंधरा यादव सहित दुर्गा, मनीषा राठौर, मंगली बाई व बच्चे पालन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### केसीसी में धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी



**कोरबा।** कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित कोरबा कंप्यूटर महाविद्यालय में बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) मनाया गया। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल ने बताया कि आज के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है और बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इस अवसर पर पंडित हेमंत शर्मा द्वारा महाविद्यालय में मां सरस्वती के समक्ष सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, जगदीश वंदना एवं दीप प्रज्वलन कर, छात्रों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष आकर ज्ञान एवं बुद्धि प्राप्त करने हेतु विशेष पूजा अर्चना की गई एवं उपस्थित सभी लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई 1 बसंत पंचमी के इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण रीना लहरे, बालीदास महंत, सुरभि कुंडू, इरविन कुमार, सुरभि राठौर, मेधा सोनी, उमाकांत कैवर्त, योगिता अग्रवाल, सिमरन कौर, राखी सोनवानी एवं पियूष साहू सम्मिलित रहे।

### पूर्व विधायक के निवास पर हुई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

**हरदीबाजार।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार में बैठक आहूत की गई। बैठक में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा नाम एवं कार्य को बदल दिया है। जिससे मनरेगा के मजदूरों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है जिसके विरुद्ध में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा बचाओ अभियान का कार्यक्रम करने एवं अगमी गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के कॉलेज चौक में ध्वजारोहण करने का कार्यक्रम पर चर्चा किया गया। बैठक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, मदन लाल राठौर, रामशरण कंवर, मीरा कंवर, कौशल श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष हरदीबाजार, पुष्पेंद्र शुक्ला, रमेश अहीर, प्रभा तवर, गोपाल यादव, चंद्रहास राठौर, भैयाराम यादव, विकास सिंह, कन्हैया राठौर, सैयद कलाम, संतोषी पाटले, गुलशन जायसवाल, कदम यादव, बाबूराम राठौर, मुकेश बर्मन, रामप्रताप राठौर, चित्रपाल श्रीवास, महेंद्र राठौर, कुलदीप सिंह राठौर, शत्रुघन यादव, चंद्रशेखर पटेल, विक्रम राठौर, हेमनाथ खंडे, बलराम कश्यप, हनुमान दास महंत, अनिल पोर्ते, तुलाराम सिदार, जितेंद्र कुमार, कमलकांत साहू, देव कुमार राधेश्याम देव, कुमार राज उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नई पीडीएस दुकान...

वह भी ऐसी महिला समूह जो शासन की अन्य योजनाओं का लाभ ना ले रही हों। विभाग ने फिलहाल 25 स्थानों का चयन किया था जो ऐसे स्थान थे जिनकी पहचान पारे टोले के रुप में थी और इनकी दूरी 5 से 7 किलोमीटर या कहीं कहीं 10 किलोमीटर के लगभग हुआ करती थी। 4 माह की प्रक्रिया पूरी करने के बाद 25 स्थानों में ही दुकानें शुरु की गई। इससे लगभग 20 हजार की आबादी लाभान्वित हुई है।

## अंचल में शिक्षण संस्थानों सहित मंदिरों में हुए पूजा अनुष्ठान

# अज्ञानता से हमें तार दे मां, बसंत पंचमी पर ज्ञान के देवी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ऋतुराज बसंत के आगमन के साथ ही विद्या, कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की श्रद्धा-भाव से पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विधि-विधान से मां सरस्वती की आराधना कर उनसे विद्या, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद मांगा।

शहर के शारदा विहार स्थित वंडर कॉटेज स्कूल में सरस्वती पूजा का विशेष आयोजन किया गया, जहां पुरोहित लोकेश शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रूबी मुखर्जी सहित समस्त शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूजा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और मां सरस्वती की वंदना से परिसर गूंज उठा। कोरबा नगर एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों और सांस्कृतिक केंद्रों में भी बसंत पंचमी के अवसर पर विधिवत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्थानों पर विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, नृत्य, संगीत एवं कविता पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि ज्ञान और बौद्धिक संपदा का कोई विकल्प नहीं है। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और उस पर गर्व करने की प्रेरणा भी दी गई। बसंत पंचमी का यह पर्व कोरबा में श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाया गया।



मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए।

### स्कूलों में सरस्वती प्रतिमा की पूजा अर्चना



कटघोरा बसंत पंचमी के अवसर पर नगर के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के अलावा लड़की एवं लड़का हॉस्टल में भी बसंत पंचमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। आज के दिन अधिकाश स्कूलों में पीली वस्त्र पहनकर पूजा अर्चना भी किया गया। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, कल्चुरी पब्लिक स्कूल, आत्मानंद स्कूल, सेंट एनस पब्लिक स्कूल, लड़का हाईस्कूल, लड़की स्कूल एवं अन्य स्कूलों में हर्षोल्लास पूर्वक बसंत पंचमी पर्व मनाया गया।

### निगम में हुई मां सरस्वती की पूजा अर्चना

बसंत पंचमी के अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन एवं सुख शांति की कामना की। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नगर निगम द्वारा पुराना बस स्टैण्ड गीतांजलि भवन स्थित अपने सार्वजनिक वाचनालय सह लाईब्रेरी में बसंत पंचमी के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सार्वजनिक वाचनालय पहुंचकर विद्यादायनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की।



### सरस्वती शिशु मंदिर कुसमुंडा में हुई पूजा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुंडा में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना से हुई, जिसमें उपस्थित भैया-बहनों द्वारा समर्पण राशि अर्पित की गई। इसके पश्चात विद्यालय के पुजारी अशोक दुबे आचार्य द्वारा नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान नवीन प्रवेशित बच्चों की जीभ पर मधुरस से प्रणव अक्षर ऊं लिखकर उन्हें पहला अक्षर ज्ञान कराया गया। विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, संस्कार और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया गया, ताकि उनकी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर जीवन निर्माण का सशक्त आधार बने।

### सुमी नर्सरी विद्यालय में मनाया गया सरस्वती पूजा




सुमी नर्सरी विद्यालय में बसंत पंचमी मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा के साथ हुआ। मां सरसवती की पूजा अर्चना समस्त विद्यार्थियों व शिक्षिकाओं द्वारा की गई। विद्यादात्री सरस्वती देवी के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया व प्रसाद का भोग लगाया गया। बच्चों ने श्लोक स्तुति की। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं पीले रंग के परिधान में विद्यालय पहुंची। स्कूल में ही खिचड़ी बनाकर समस्त विद्यार्थियों को प्रसाद रूप में दी गई।

### प्रेस क्लब में हुई सरस्वती पूजा



प्रेस क्लब तिलक भवन मे बसंत पचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। पंडित देव नारायण पांडेय द्वारा विधि विधान पूजा कार्य सम्पन्न कराया गया। इस कमलेश यादव, विजय खेत्र पाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, सचिव नागेंन्द्र श्रीवास, उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष ई जयंत, अश्वनी मिश्रा, मनोज ठाकुर, हीरा राठौर, अनुप स्वर्णकार, अजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजीत सिन्हा, जीवन चौहान, संदीप शर्मा आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में एसीबी दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट कोठी मध्य प्रदेश में चेन्नई पुलिस विरुद्ध एसीबी इंडिया लिमिटेड की फाइनल में टक्कर जिसमें दूसरा स्थान रहा। अमर शाहिद ठाकुर रानमत सिंह खेल मैदान में पिछले 11 जनवरी से चल रही 44वीं अमर शाहिद ठाकुर रानमत सिंह स्मृति अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में फास्ट राउंड का खेल एसीबी इंडिया विरुद्ध जम्मू कश्मीर के बीच जबरदस्त टक्कर रहा जिसमें एसीबी इंडिया लिमिटेड की टीम ने 4-2 से विजय प्राप्त की। दूसरा दिन फिर मुकाबला जपिए टाउन क्लब असम के साथ हुआ। उसमें भी जबरदस्त एसीबी इंडिया ने जीत दर्ज की। सेमी फाइनल राउंड ऑल इंडिया फुटबॉल चैंपियन टीम एमईजी बैंगलोर के साथ हुआ जिसमें एसीबी इंडिया लिमिटेड की टीम 1-0 से बंगलौर को हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल मुकाबला चेन्नई पुलिस और एसीबी इंडिया लिमिटेड के बीच जबरदस्त टक्कर हुआ। जिसमें एसीबी इंडिया लिमिटेड की टीम ने 10 वें मिनट में गोल दाग दिया फिर 44वें मिनट में चिन्नई पुलिस ने बराबर कर ली। फिर लास्ट का अंतिम समय में एसीबी इंडिया लिमिटेड की डिफेंडर ने चेन्नई पुलिस की स्ट्राइकर को गोल दागने में रोक नहीं पाया जिसमें एसीबी इंडिया लिमिटेड की टीम ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरा स्थान रहा।



उपविजेता टीम।

# ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रोग्रेसिव झारसुगुड़ा रही विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठवें दिन सेंट्रल स्टेडियम, एसईसीएल में प्रोग्रेसिव झारसुगुड़ा विरुद्ध महालक्ष्मी बालकों के मध्य खेला गया। जिसमें प्रोग्रेसिव झारसुगुड़ा विजय रहा प्रथम मैच के मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह पप्पी व विशिष्ट अतिथि रविंद्र ध्रुव क्रीड़ा अधिकारी भैंसमा महाविद्यालय उपस्थित रहे व पहले मैच के मैन ऑफ द मैच संतोष यादव रहे। दूसरा मैच मनीग्रीव क्रिकेट एकेडमी रायपुर विरुद्ध रांची, झारखंड के मध्य खेला गया जिसमें रांची, झारखंड विजय रहा। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि डॉ विशाल उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि बीएस राव क्रीड़ा अधिकारी पीजी कॉलेज उपस्थित रहे व मैन ऑफ द मैच आदर्श विशाल रहे। दोनों मैच के अंपायर बलवीर सिंह सोढ़ी, अशोक लोध, सुनील शर्मा, महेंद्र सिंह व स्कोरर नमन निराला रहे। इस अवसर पर विकास सिंह अध्यक्ष, मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी, मनोज ठाकुर, अनिल प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।



### मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी व चरक शपथ का आयोजन

**कोरबा।** स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. कमल किशोर सहारे तथा विशिष्ट अतिथि अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर रहे। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. के के सहारे ने विद्यार्थियों को चरक शपथ एवम हिप्पोक्रेटिक शपथ दिलाते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय का क्षेत्र नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गोपाल कंवर प्राध्यापक मेडिसिन ने चरक शपथ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य चरक की शिक्षाएं चिकित्सकों को अनुशासन, गुरुजनों के प्रति सम्मान और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा का मार्ग दिखाती हैं, जो एक आदर्श एवं कुशल चिकित्सक बनने के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज कमेटी के सदस्य डॉ दुर्गा शंकर पटेल, डॉ सुमित ध्रुव, डॉ. अनमोल मिंज, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. आशुतोष थवाइत, डॉ. दिव्या चंद्र एवं डॉ. रीना नायक का विशेष योगदान रहा।

# कटघोरा में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति का महासंगम, रन फ़ॉर रिपब्लिक का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति, एकता और अखंडता को समर्पित दो ऐतिहासिक आयोजनों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा तन्मय खन्ना एवं कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी की पहल पर नगर में पहली बार 25 जनवरी को कटघोरा रन फ़ॉर रिपब्लिक 2026 तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की संध्या एक शाम शहीदों के नाम शीर्षक से सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम आयोजित होगा।

गणतंत्र दिवस से पूर्व आयोजित यह मैराथन दौड़ देश की एकता, सुरक्षा और शांति के संकल्प को सशक्त करने का प्रतीक होगी। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में नगरवासी, विशेषकर युवा व छात्र वर्ग भाग लेंगे। कटघोरा रन फ़ॉर रिपब्लिक मैराथन का शुभारंभ 25 जनवरी को नगर के मुख्य चौराहा शहीद वीर नारायण चौक स्थित रैन बसेरा प्रांगण से किया जाएगा। प्रतिभागी टोकन लेकर दौड़ प्रारंभ करेंगे, जो लखनपुर मोड़ (तिराहा चौक) से दूसरा टोकन प्राप्त कर पुनः कटघोरा चौक पर समाप्त होगी। यह मैराथन पुरुष एवं महिला दो वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। विजेताओं का सम्मान समारोह भी 25 जनवरी को ही आयोजित किया जाएगा। इन दोनों आयोजनों को सफल बनाने में नगर के प्रमुख प्रतिष्ठानों नरेंद्र ज्वेलर्स, गृहस्थी सुपर बाज़ार, मुरली होटल, सिंघानिया ग्रुप, एपी शॉपिंग मॉल, महाबली स्टोर्स, रॉयल टेंट एवं आलोक डीजे का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना एवं थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और गणतंत्र दिवस को एकता, देशभक्ति और सम्मान के साथ मनाकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता प्रदान करें।



### 26 जनवरी की संध्या एक शाम शहीदों के नाम

गणतंत्र दिवस की संध्या 26 जनवरी को नगर मुख्य चौराहे के समीप स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में एक शाम शहीदों के नाम शीर्षक से भव्य मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इस संगीतमय आयोजन में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। कार्यक्रम प्रतियोगिता के स्वरूप में आयोजित होगा, जिसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र एवं स्थानीय कलाकार भाग ले सकेंगे। इसका उद्देश्य वीर जवानों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण कर लोगों में राष्ट्रीय भावना का संचार करना है।

*कोरबा। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ विनोद कुमार साहू सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती कल्याणी ध्रुव, श्रीमती मोनिका मिंज, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर उपस्थित थे।

# जिले में 800 युवा आपदा मित्रों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन कोरबा द्वारा इस वर्ष बड़े पैमाने पर युवाओं को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले की औद्योगिक संवेदनशीलता और स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं, जैसे सर्पदंश, डूबने की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए केंद्र शासन ने इस वर्ष प्रशिक्षित होने वाले आपदा मित्रों की संख्या बढ़ाकर 800 कर दी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य से इस योजना के क्रियान्वयन हेतु केवल चार जिलों कोरबा, रायपुर, सुकमा और राजनांदगांव का चयन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार, वर्ष 2026 के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से कुल 800 स्वयंसेवकों को तैयार किया जाएगा। इसमें एन.सी.सी. से 350, एन.एस.एस. से 150, एन.वाई.के.एस. से 150 तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से 150 युवाओं का चयन कर उन्हें आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सातवीं उत्तीर्ण और आयु 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आवेदक का कोरबा जिले का निवासी होना और आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर निःस्वार्थ भाव से कार्य करने हेतु तत्पर होना अनिवार्य है।

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
NABH

जनवरी 2026
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

25 जनवरी 2026 (रविवार) — डॉ. अनिल कुमार चौहान (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ)
29 जनवरी 2026 (गुरूवार) — डॉ. राजेश सिंह गौतम (किडनी रोग विशेषज्ञ)
30 जनवरी 2026 (शुक्रवार) — डॉ. कुंवर सिद्धार्थ सौरभ (वेस्कुलर एवं एंडोवेस्कुलर सर्जन)
डॉ. दीपक बेहरा (हृदय रोग विशेषज्ञ)

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

प्रो.नं. 120/2025 प्रकरण क्रमांक 167/2025
पेशी तारीख -04.02.2026

**ईश्तहार/नोटिस**

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

रमा सोनी .............वादी/आवेदक
विरुद्ध
आम जनता.......प्रतिवादी/अनावेदक
बनाम
आम जनता (जो हित रखने की दावा करते हो)

वादी/आवेदक रमा सोनी के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता के विरुद्ध धारा 372 भरतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान श्री लोकेश पटले प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा (छग) में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 04.02.2026 की तिथि है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता (जो हित रखने की दावा करते हो) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 04.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख.... को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है। दिनांक 24.12.2025

(लोकेश पटले)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल गोपालपुर तहसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ रा.नि.म./ /2026
गोपालपुर, दिनांक 22/01/2026

प्रति, 1. नारायण प्रसाद पि. रूपचंद सा. कोरबा. 2. मनहरण लाल पि. ब्रिजभूषण सा. कोरबा, 3. राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय पि. विद्याधर पाण्डेय सा. कोरबा, 4. रघुवीर सिंह पि. मालिक सिंह सा. कोरबा, 5. नवीन कुमार पि. नरेश भारती सा. कोरबा 6. प्रेमलता पति एस के अग्रवाल सा. कोरबा।

विषयः- सीमांकन स्थल जाँच के समय उपस्थित होने के सम्बन्ध में सूचना। न्यायलय नायब तहसीलदार दर्री के आदेश क्रमांक 273 दिनांक 05/12/2025 के अनुसार आवेदक श्रीमती भुनेश्वरी तिवारी पति प्रशांत तिवारी जाति-ब्राम्हण निवासी नर्मदा विहार एनटीपीसी कॉलोनी, जमनीपाली के ग्राम गोपालपुर प.ह.न. 17 के आवेदित भूमि खसरा न. 284/3, 285/2 रकबा 0.060 हे. भूमि का सीमांकन/ स्थल जाँच दिनांक 30/01/2026 दिन शुक्रवार को 11.00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। चूँकि आप लोगों कि भूमि उक्त भूमि से लगा हुआ है। अतः आप अपने पास उपलब्ध भूमि सम्बन्धी समस्त दस्तावेजो के साथ मौके पर उक्त नियत दिनांक को उपस्थित रहे। टीप - उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. गोपालपुर, तहसील दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं संजू कुमार, (Sanju Kumar), उम्र 33 वर्ष पिता श्री रामकृष्ण निवासी धवईपुर, कटघोरा, कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूँ। मैं निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक कहना चाहता हूँ, जो कि निम्नलिखित हैः-

01. यह कि मैं उक्त पते पर स्थाई रूप निवास करता हूँ। मेरा आधार नं 5370 4690 9716 हैं।

02. यह कि मेरी पुत्री नाम वर्षु श्रीवास का जन्म प्रमाण पत्र आपके कर्यालय नगर पालिका निगम कोरबा के जन्म मृत्यु शाखा से वर्ष 2022 में जारी हुआ था।

03. यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम संजू श्रीवास (Sanju Shriwas), और मेरी पत्नी का नाम राजेश्वरी श्रीवास (Rajeshwari Shriwas), त्रुटी वंश अंकित हो गया हैं जो कि गलत हैं।

04. यह कि जिसे सुधार कर सही नाम जैसा मेरे और मेरी पत्नी के सभी दस्तावेज में अंकित हैं वैसे ही मेरें बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम संजू कुमार (Sanju Kumar), एवं मेरी पत्नी का नाम राजेश्वरी (Rajeshwari) यह नाम मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाय।

05. यह कि यही नाम हमारे आधार कार्ड में भी उलेखित है। जो कि सत्य एवं सही है।

शपथ कर्ता
संजू कुमार

**न्यायालय,
श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय गढ़वा**

ओ.एस. 357/2025
विपिन कुमार पासवान -------------आवेदक
बनाम्
पुनम देवी -----------------विपक्षी

नोटिस,
बनाम्

(1) पुनम देवी पति विपिन कुमार पासवान पिता विजय पासवान निवासी ग्राम बाना, पो.- बाना, थाना-मेराल, जिला- गढ़वा (झारखण्ड) वर्तमान पता सा. बाल्को (परसा भाठा) पो.- बाल्को, थाना- बाल्को, जिला- कोरबा, (छत्तीसगढ़) पिन नं.- 495684

चु बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सुचित किया जाता है, कि आपके विरूद्ध न्यायालय के समक्ष मूल वाद संख्या 357/2025 आवेदक के द्वारा दाखिल किया गया है, जिसमें न्यायालय के द्वारा सम्मन भी भेजा जा चुका है. परन्तु आज तक आप न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपको सुचित किया जाता है कि दिनांक 23.02.26 को 10:30 बजे दिन में स्वयं या बजरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्य था आपकी अनुपस्थिती में एक पक्षीय सुनवाई कर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे आवश्यक एवं सख्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 22/01/26 को न्यायालय में हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ पेपर गजट प्रकाशन हेतु नोटिस जारी किया जाता है।

हस्ताक्षर/न्यायालय
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय गढ़वा

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# जेबीसीसीआइ की जगह किया जा सकता है वार्ताकार परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उद्योग में कार्यरत करीब 2 लाख 14 हजार कर्मियों के लिए वेतनमान समझौता-11 की अवधि 30 जून को समाप्त हो जाएगी। एक जुलाई से वेतनमान समझौता-12 की अवधि शुरू होगी। वेतनमान समझौता-12 के लिए जेबीसीसीआइ की बैठक होगी या नहीं, इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड में कहीं भी जेबीसीसीआइ की बैठक या उसकी व्यवस्था का उल्लेख नहीं है। आशंका है कि अब जेबीसीसीआइ के स्थान पर वार्ताकार परिषद का गठन किया जा सकता है।

अलग खबर

इस परिषद में वहीं यूनियनें शामिल हो पाएंगी, जिसे कम से कम 20 फीसदी मजदूरों का समर्थन प्राप्त होगा। 40 फीसदी समर्थन वाली यूनियन के दो पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे। जबकि 51 फीसदी या इससे अधिक समर्थन प्राप्त करने वाली यूनियन कोल नेगोसिएटिंग यूनियन मानी जाएगी और वेतन समझौता पर उसका एकाधिकार रहेगा। श्री महतो का कहना है कि वर्तमान हालात को देखते हुए करीब 90 फीसदी यूनियनों के लिए 20 फीसदी समर्थन जुटा पाना कठिन लग रहा है, ऐसे में अधिकतर यूनियनें वार्ताकार परिषद से बाहर हो जायेंगी। इसके बाद यूनियन चुप नहीं बैठेगी और कोयला उद्योग में औद्योगिक अशांति का खतरा बढ़ सकता है। वेतनमान समझौता-12 की अवधि शुरू होने से पूर्व कोल सेक्टर के मान्यता प्राप्त पांचों यूनियनें बीएमएस, एचएमएस, इंटक, एटक व सीटू की ओर से कोल इंडिया प्रबंधन को चार्टर ऑफ डिमांड भेजा जाएगा। अलग-अलग यूनियनें हर वेतन समझौता से पहले अपना अलग-अलग चार्टर ऑफ डिमांड भेजती रही है। हालांकि पिछले दो वेतन समझौता से यूनियनों द्वारा कॉमन चार्टर ऑफ डिमांड भेजा जा रहा है।

## 30 जून को समाप्त हो जाएगी वेतन समझौता की अवधि

### किसके कितने थे मेंबर

वेतनमान समझौता-11 को लेकर गठित जेबीसीसीआइ में बीएमएस व एचएमएस का चार-चार तथा एटक व सीटू के तीन-तीन रेगुलर व अल्टरनेट मेंबर थे। इंटक वेतन समझौता की अंतिम बैठक में शामिल हुई थी तथा अन्य चारों ट्रेड यूनियनों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया था। वेतनमान समझौता-11 के समय वर्ष 2021 कोल इंडिया का मैन पावर 2.59 लाख था. वर्तमान में यह 2.14 लाख है।

### पिछली बार 19 फीसदी की हुई थी बढ़ोतरी

वेतनमान समझौता-11 में कोलकर्मियों के वेतन में 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। राशि में 4899 से लेकर 30 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हुई थी। इसके अलावा पहली बार पितृत्व अवकाश के अलावा आंबेडकर जयंती पर एक दिन की छुट्टी दी गयी थी। 20 मई 2023 को फाइनल एग्रीमेंट पर पांचों सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने हस्ताक्षर किया था। 11वां वेतन समझौता करीब एक साल 11 माह विलंब से हुआ था।

## खबर संक्षेप

### घर के अंदर निकला रसेल वाइपर, रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित छोड़ा जंगल

**कटघोरा।** हुंकरा गांव के खाले पारा क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक ग्रामीण के घर के अंदर जहरीला रसेल वाइपर सांप निकल आया। घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम के स्नेक रेस्क्यूर केशव जायसवाल मौके पर पहुँचे और पूरी सावधानी के साथ सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। केशव जायसवाल ने बताया करीब 12 साल से सांप रेस्क्यू कर रहा हूँ, लेकिन इतने वर्षों में यह पहली बार है जब मैंने रसेल वाइपर पकड़ा है। टीम ने लोगों से अपील की है कि घर या आसपास सांप दिखाई देने पर खुद पकड़ने की कोशिश न करें और तुरंत विशेषज्ञों को सूचना दें।

### लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक सम्पन्न



**कोरबा।** नगर निगम के कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु गठित आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति के समक्ष किसी भी प्रकार की शिकायत व परिवाद न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। निगम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिरोध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत निगम में आंतरिक शिकायत/परिवाद समिति का गठन किया गया है, जिसकी समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन में बैठक सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान पाया गया कि समिति के पास इस संबंध में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और न ही किसी प्रकार का परिवाद लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्यालय में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी विषयों पर सजग रहने व किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित संज्ञान लेने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में समिति की अध्यक्ष गुलिस्ता साहू, सदस्य सचिव सुभाषिनी आशावान, तारा भगत, कीर्ति अनंत, तिरिथबाई, मालती सोनी, पुष्पा बंजारे, तिलका बाई ध्रुव, शीतला गोंड़, आदि उपस्थित थे।

### वेंडरों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत उपलब्ध कराया गया राशि



**पाली।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जिसमें स्ट्रीट वेंडरों को सहायता के रूप में बहुत ही कम ब्याज दर पर बैंकों के माध्यम से 15 हजार तक की राशि उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना के तहत नगर पंचायत पाली को वित्तीय वर्ष 2030 तक 214 वेंडरों को सहायता राशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। सदस्य पूर्ति हेतु नगर पंचायत आवेदन भर कर बैंकों को प्रेषित कर रहा है स्थानीय बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभान्वित 6 आवेदकों को नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल द्वारा स्वीकृती पत्र प्रदान किया गया है। कार्यक्रम नगर पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, उपाध्यक्ष लखन प्रजापति, नगर पंचायत सीएमओ, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, स्टेट बैंक आफ इंडिया के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पाली कालेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन



**कोरबा।** शुक्रवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली के सात दिवसीय शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सत्यनरायण पैकरा जनपद सदस्य थे। विशिष्ट अतिथि डॉ वायके तिवारी जिला संगठक रासेयो और श्रीमती गिरिजा पैकरा सरपंच केराझरिया थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ पुष्प राज लाजरस ने किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्ष पान्डेय ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। माध्यमिक शाला केराझरिया के मनोज पान्डेय ने स्वयंसेवकों के स्वच्छता सदेश को अतुलनीय बताया। आभार टीआर कश्यप ने किया। इस अवसर पर सुनील कवर, श्रीमती जुही देवागन, डॉ कविता ठक्कर, डॉ शेख तस्लीम अहमद, जितेन्द्र शुक्ला, अशोक जयसवाल, सुश्री प्रीति खान्डेकर, गीता यादव, भारती देवागन, सत्येंद्र सिंह, श्री महतो, प्रधानपाठक शकर लाल यादव, शिक्षक नरेश साहु, सेवा नद पत, श्री वर्मा, श्रीमती सुशीला मिरी सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी और विद्याथी उपस्थित थे।

## निगम सभापति की अध्यक्षता तथा महापौर व निगम आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुई सामान्य सभा

# हंगामेदार रही निगम की सामान्य सभा, 29 में से 27 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति, 2 होल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





नगर निगम के सामान्य सभा के दौरान सभापति एवं उपस्थित पार्षद।

नगर निगम की सामान्य सभा हंगामेदार रही कुछ प्रस्ताव को लेकर विपक्षी दल के पाषर्दों ने अपना विरोध जताया। सामान्य सभा में कुल 29 प्रस्ताव लाया गया जिनमें से 27 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं दो प्रस्तावों को होल्ड पर रखा गया है। जिसके लिए गठित समिति के सुझावों के बाद उस पर निर्णय लिया जाएगा।

निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा किए जाने के पश्चात 27 प्रस्तावों को साधारण सभा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, वहीं 2 प्रस्तावों को होल्ड पर रखा गया है। निगम की साधारण सभा के द्वारा दादरखुर्द मानिकपुर में सार्वजनिक रथयात्रा आयोजन में सहयोग के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना की स्वीकृति पुष्टि, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की स्वीकृति पुष्टि, मुख्यमंत्री पेंशन योजना की स्वीकृति पुष्टि आदि के प्रस्तावों का भी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य को वर्ष 2029 तक बालविवाह मुक्त राज्य बनाने के संबंध में प्रस्तुत का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया, वहीं सेवाभारती को आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव का भी अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा डा.भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर घंटाघर में रामलीला में दशहरा उत्सव मेला के आयोजन संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। नगर निगम स्व-वित्तीय योजना के अंतर्गत वार्ड क्र. 9 बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य से जुडे. प्रस्ताव को सदन द्वारा पारित किया गया, इसी प्रकार निगम क्षेत्रांतर्गत बुधवारी सर्कस मैदान स्थल पर नवीन अत्याधुनिक कामर्शियल काम्पलेक्स निर्माण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। इसी प्रकार जीएसटीर रिफार्म लागू करने पर केन्द्र सरकार के प्रति निगम क्षेत्र की जनता द्वारा आभार व्यक्त करने के संबंध में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 6 उद्यानों का नामकरण नमो पार्क किए जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन भी सदन द्वारा किया गया, वहीं मल्टीलेवल पार्किंग के पास जल संसाधन विभाग की भूमि के पास वेंडिंग जोन की स्थापना के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान नेत्रदान, देहदान करने वाले परिजनों को सम्मानित करने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन भी साधारण सभा के द्वारा सर्वसम्मति से किया गया।

### जल कर और सामुदायिक भवन को लेकर मचा हंगामा

जल कर वसूली संबंधी प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू व विपक्षी पार्षदों ने अपना विरोध जताया। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान लगभग 50 हजार झुग्गी झोपड़ियों में निःशुल्क नल कनेक्शन लगाया गया था इस दौरान मीटर लगाते वक्त गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बीपीएल कार्डधारियों से 60 रुपए व एपीएल कार्डधारियों से 2 सौ रुपए शुल्क लेने का निर्णय लिया गया था। उपभोक्ता जब जल कर की राशि जमा करने जोन कार्यालय पहुंचते थे तो राशि जमा नहीं ली जा रही थी अब एक मुश्त राशि जमा करने की मांग की जा रही है जो सही नहीं है। 60 रुपए को 2 सौ को 350 और कमर्शियल उपयोग वाले नल कनेक्शन का 350 रुपए को 8 सौ करना ठीक नहीं है। इसी तरह सामुदायिक भवन को गौमुखी सेवा धाम को देने संबंधी प्रस्ताव पर भी विपक्षी पार्षदों ने अपना विरोध जताया। पार्षदों का आरोप था कि वार्डवासियों के लिए सामुदायिक भवन बनाया गया है। भवन किसी और को देने से वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इसलिए गौमुखी सेवाधाम अलग से भवन का निर्माण किया जाए।

### दो प्रस्तावों पर समिति की रिपोर्ट के बाद होगा फैसला

हेलीपेड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे स्थित निगम के रिक्त भवन को मा सर्वमंगला जनजाति कल्याण केन्द्र संचालन हेतु प्रदाय किए जाने संबंधी प्रस्ताव को होल्ड पर रखा गया है, इस संबंध में विधिक सलाहकार समिति की जांच रिपोर्ट के पश्चात निर्णय लिया जाएगा। निगम के जलकर वसूली संबंधी प्रस्ताव को सदन द्वारा होल्ड किया गया है, जिस पर जलकर सलाहकार समिति के जांच उपरांत प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई चाकू बाजी, एक नाबालिग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी रंजिश को लेकर कुछ नाबालिक युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में कुछ युवकों ने एक नाबालिक युवक पर चाकू से पीठ पर जानलेवा हमला कर दिया है। नाबालिक को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में पुलिस ने अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस बस्ती में निवासरत कुछ नाबालिक लड़कों के बीच किसी बात को लेकर लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश को लेकर फिर से दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जमकर मारपीट शुरू कर दी और बस्ती में निवासरत एक नाबालिक के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया गया है नाबालिक को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले नाबालिक युवकों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खास बात

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस बस्ती की घटना

# छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ विचार विमर्श करने के बाद जिले के सभी 15 ब्लॉकों में नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति किया है। इस संबंध में एआईसीसी की ओर से एक अधिसूचना जारी की गई जिस पर एआईसीसी महासचिव एवं छग प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के हस्ताक्षर हैं।

जारी आदेश के अनुसार दर्री जमनीपाली ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, कुसमुंडा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, बालको ब्लॉक अध्यक्ष एडी जोशी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहु, बांकीमोंगरा ब्लॉक अध्यक्ष संजय आजाद, ग्रामीण कोरबा अंजोर सिंह कंवर, पाली कोरबा सत्यनारायण पैकरा, पोड़ी उपरोड़ा कोरबा भोला गोस्वामी, करतला ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण राठिया, कटघोरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, कटघोरा शहर ब्लॉक अध्यक्ष असरफ मेमन, बरपाली ब्लॉक अध्यक्ष संतोष देवांगन, दीपका ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, हरदीबाजार ब्लॉक अध्यक्ष कुशल श्रीवास एवं पसान ब्लॉक अध्यक्ष जगतपाल अयाम को बनाया गया है। पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सभी नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को पार्टी की नीतियों के तहत कांग्रेस संगठन के सभी योजनाओं, कार्यक्रमों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कार्य करने को कहा है साथ ही श्री अग्रवाल ने इन नवीन नियुक्ति से जिले में कांग्रेस संगठन को एक नई उर्जा एवं मजबूती मिलने की उम्मीद जताई है।

# बोर्ड परीक्षा की मेरिट में आए छात्रों को मिली डेढ़ लाख रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मेरिट में स्थान बनाने वाले छात्रों को मिली प्रोत्साहन राशि।

हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में प्रदेश के टॉप टेप सूची में स्थान बनाने वाले छात्र छात्राओं को राज्य शासन की ओर से दी जाने वाली नगद राशि के प्रोत्साहन पुरुस्कार से जिले के 7 छात्रों को भी यह राशि मिली है। जिन्हें प्रदेश के राज्यपाल के द्वारा राजधानी रायपुर में हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है।

बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तैयार की गई टॉप टेन की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्रों में जिले के छात्र भी शामिल हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के शैक्षणिक सत्र की मेरिट में स्थान पाने वाले छात्रों को एक साथ सम्मानित किया गया है। वर्ष 2023-24 की पुरस्कार राशि भी इस वर्ष जारी की गई है। दोनों शैक्षणिक वर्ष में जिले के छात्रों को मेरिट में स्थान मिला था इनमें कटघोरा, पाली, कोरबा ब्लॉक के छात्र शामिल हैं। जिन छात्रों को सम्मानित किया गया है उनमें वर्ष 2023-24 की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्रों में कक्षा 10वीं की गामिनी कुमारी कंवर एवं कृतिका कुमारी कंवर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह कटघोरा हैं। इसके अलावा प्रियंका जायसवाल हाईस्कूल परसदा पाली शामिल हैं। इसके अलावा कटघोरा ब्लॉक के ही जय भारत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र शुभ अग्रवाल शामिल हैं। इसी तरह शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं में कुमारी डिंपल प्रयास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंगापुर कोरबा, कुमारी आस्था केशरवानी निर्मला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा तथा निखिल कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरी कटघोरा शामिल हैं। जिन्हें राज्यपाल रमन डेका के हाथों सम्मानित किया गया है। सम्मान के स्वरुप में इन्हें डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की नगद राशि प्रदान की गई है।

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले में व्यसन मुक्त वातावरण निर्मित करने हेतु आगामी 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ दिवस' आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# ब्रेकर पर अनियंत्रित हुई बाइक गिरने से महिला की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोटरसाइकिल में सवार होकर दो लोग किसी काम से खरसिया गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ब्रेकर में अनियंत्रित हो गई और दोनों मोटरसाइकिल से गिर गए। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल कोरबा में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है, जबकि उसके रिश्ते का भाई घायल है जिसे जिसे उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले रायगढ़ के जोबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खड़गवां निवासी दिल कुंवर 45 वर्ष पति सुमरित दास महंत अपने रिश्ते के भाई के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर दोनों भाई-बहन किसी काम से खरसिया गए हुए थे जहां से वापस लौट के दौरान बीच रास्ते में उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गई और मोटरसाइकिल से दोनों गिर पड़े हादसे के बाद दिल कुंवर और उसके भाई को उपचार के लिए कोरबा मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान दिल कुंवर की मौत हो गई मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एलटी केबल सहित अन्य बिजली सामानों की चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोकरेल जांजगीर चांपा निवासी कृष्णा सिंह चंदेल पिता रूप सिंह चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि हरदीबाजार डीसी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोईदा एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था हेतु एलटी केबल कनेक्शन करने का ठेका प्राप्त हुआ है जिसे कृष्णा सिंह चंदेल द्वारा पेटी ठेका के रूप में लिया गया है। कार्य हेतु उसके द्वारा आवश्यक सामाग्री एवं एलटी केबल 35एमएम को तीन पेड़िया पेड़ गोड़वाना भवन बोईदा के पास रखा गया है जो कि 19 जनवरी को समय लगभग दोपहर 3 बजे एलटी केबल 70 एमएम एक ड्रम (1020 मीटर) को किसी आज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है एवं 21-22 जनवरी की दरम्यानी रात्रि में एलटी केबल के ड्रम का केबल करीबन 300 मीटर को भी अज्ञात चोर चोरी कर ले गये हैं। चोरी हुआ केबल विद्युत सप्लाई के काम में आता है। जिस केबल में एल्युमिनियम का वायर रहता है। चोरी गया सामान का अनुमानित कीमत करीबन 42 हजार रूपये है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।


छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371





कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411